# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 23.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

### पीएम–जी–20

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री ने विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा। दो सत्रों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि ये पहल सभी के लिए विकास, प्रगति और कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से चहुंमुखी विकास को हासिल करने में सहायता मिलेगी। ये शिखर सम्मेलन आज संपन्न हो रहा है।

### मंत्रीमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में 26 नवबंर से धर्मशाला में होने वाले शीतकालीन सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार के तीन साल के कार्यकाल को लेकर मण्डी में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की संभावना है। बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की मंजूरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाने की उम्मीद है।

### विनय कुमार

रेणुका जी के विधायक विनय कुमार को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी हाईकमान की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। विनय कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और वे लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं।

*विनय कुमार ने शनिवार को विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मंजूर भी कर लिया। इसके कुछ देर बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें हिमाचल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। हालांकि, विनय कुमार विधायक के पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर उनका नाम चल रहा था। विनय कुमार तीन बार के विधायक है। साल 2022 में निरंतर तीसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। विनय से पहले उनके पिता डॉ. प्रेम सिंह छह बार विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से नए अध्यक्ष को लेकर अटकलों का दौर चल रहा है लेकिन अब तक किसी का भी नाम फाइनल नहीं हो पाया था।*

## एंटी चिट्टा रैली

प्रदेश में राज्य सरकार का चिट्टे के खिलाफ अभियान जारी है और इसे लेकर अनेक स्थानों पर रैलियां निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कांगड़ ज़िले के रैत में आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंटी चिट्टा जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। पठानिया ने कहा कि चिट्टे के कारण युवाओं का भविष्य नष्ट हो रहा है और इसके खात्मे के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा। इस मौके पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें शाहपुर कॉलेज ने पहला स्थान हासिल किया।

## चुनाव सामग्री

राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनावों के मद्देनज़र सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव सामग्री लेने के लिए नया शैडयूल जारी कर दिया है। आयोग ने सभी 12 जिलों में चुनाव सामग्री लेने के लिए तिथियां निर्धारित की है। किन्नौर व कुल्लू जिले के लिए कल 24 नवबंर, सिरमौर व ऊना के लिए 25 नवंबर, शिमला ज़िले को 26, कांगड़ा को 27, मंडी को 28, सोलन व चंबा को 29 नवम्बर जबकि बिलासुपर व हमीरपुर जिले के लिए एक दिसबंर की तिथि तय की है। आयोग ने चुनाव सामग्री ले जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। आयोग ने बैलेट पेपर को सरकारी वाहनों में सशस्त्र पुलिस की सुरक्षा के साथ ले जाने और चुनाव होने तक कड़ी निगरानी में रखने के निर्देश भी दिए हैं।

## साच दर्रा

चम्बा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी को ज़िला मुख्यालय से जोड़ने वाले साच दर्रे को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। बर्फबारी के बाद दर्रे पर फिसलन को देखते हुए प्रशासन ने ये कदम उठाया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि साच दर्रा भारी बर्फबारी के चलते वर्ष में करीब 6 महीने तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे जान जोखिम में डाल कर दर्रे से सफर न करें।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**समाप्त**